एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

## दीपिका पादुकोण हॉलीवुड निर्देशक की बनी पहली पसंद,

# जल्द विन डीजल के साथ दिखेंगी



बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जल्द ही हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता विन डीजल के साथ ट्रिपल एक्स सिरीज की फिल्म में दिखाई देंगी। फिल्म के निर्देशक डीजे करुसो ने सोमवार को इस जानकारी पर मोहर लगा दी। ये फिल्म ट्रिपल एक्स सिरीज की चौथी फिल्म ट्रिपल एक्स 4 होगी। इस फिल्म में चीन के जाने - माने गायक रॉय वैंग भी दिखाई देंगे। उन्होंने ट्वीटर के जरिए इस फिल्म में काम करने की जानकारी दी।

फैन ने ट्वीट कर निर्देशक से पूछा

दीपिका ट्रिपल एक्स फिल्मों की इस सिरीज का पता ऐसे लगा कि दीपिका के एक फैन ने फिल्म के निर्देशक डीजे करुसो को ट्वीट कर के पूछा कि क्या उनकी ट्रिपल एक्स सिरीज की अलगी फिल्म में दीपिका पादुकोण दिखाई देंगी। इस पर फिल्म के निर्देशक ने कहा हां। उन्होंने लिखा कि वो दीपिका के साथ मिल कर स्क्रिप्ट कर काम कर रहे हैं।

ट्रिपल एक्स सिरीज से ही दीपिका ने किया था डेब्यू

ट्रिपल एक्स : रिटर्न आफ एक्सजेन्डर केज फिल्म के जरिए बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। मई में फिल्म के निर्देशक डीजे करुसो ने कहा था कि वो अपनी फिल्म में एक बॉलीवुड स्टाइल में डांस नम्बर डालना चाहते हैं और इस गाने की शूटिंग दीपिका पादुकोण पर करना चाहते हैं। ऐसे में इस फिल्म में दीपिका के होने के कयास पहले से लगाए जा रहे थे।

नवम्बर में शादी कर सकती हैं दीपिका

करुसो ने ट्वीट कर के कहा था कि मैं अपनी अगली फिल्म ट्रिपल एक्स 4 का अंत एक बॉलीवुड डांस नम्बर से करना चाहता हूं। इस गाने में दीपिका पादुकोण मुख्य अभिनेत्री के तौर पर दिखाई देंगी। उन्होंने लिखा लुंगी डांस? कुछ नया? फिलहाल दीपिका की पिछली फिल्म पदमावत काफी बड़ी हिट रही है। वहीं चर्चा है कि दीपिका नवम्बर महीने में रणवीर सिंह से शादी कर सकती हैं।

## कनिशा वेब सीरीज में निभाएंगी एयरहोस्टेस की भूमिका


अभिनेत्री कनिशा मलहोत्रा जो पिछली बार टीवी शो 'ये हैं मोहब्बतें' में नजर आई थीं, अब वे वेब सीरीज 'बॉम्बेई' में संघर्षरत अभिनेत्री और एयरहोस्टेस की भूमिका निभाएंगी।

कनिशा ने एक बयान में कहा, "'बॉम्बेई' छह लोगों की कहानी है जो प्यार, कैरियर और जीवन को समझने की कोशिश कर रहे हैं और अपने प्यार को पटाने के लिए एक अजीब विचार के साथ आते हैं। मैं उनमें से एक हूं और मेरे चरित्र का नाम छवि है, जो एक संघर्षशील अभिनेत्री और एयरहोस्टेस है।''

इस सीरीज का निर्माण रोहित सचदेवा और गौरव पंजवानी ने किया है और यह 9 सितंबर से शुरू होगा।

कनिशा ने 'पी।ओ।डब्ल्यू - बंदी युद्ध के' और 'महारक्षक : देवी' शोज में भी काम किया है।

## नवंबर से शुरू होगी जॉन अब्राहम की फिल्म बाटला हाउस की शूटिंग



सत्यमेव जयते में नजर आ चुके अभिनेता जॉन अब्राहम ने कहा कि आगामी फिल्म बाटला हाउस की शूटिंग एक नवंबर से शुरू होगी। जॉन अब्राहम ने मुंबई में मंगलवार को गली गुलियां की स्पेशल स्क्रीनिंग में संवाददाताओं से यह बात कही।

आगामी फिल्म बाटला हाउस के बारे में जॉन ने कहा, हम अगले सप्ताह से फिल्म के लिए वर्कशॉप्स शुरू करेंगे। हम एक नवंबर से फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे और फिल्म की शूटिंग पांच जनवरी तक खत्म कर देंगे।

जॉन ने कहा, यह सब योजनाबद्ध है, लेकिन मुझे लगता है कि हमें फिल्म के लिए बहुत शोध करना होगा। मैंने रॉ और परमाणु और मद्रास कैफे के लिए वर्कशॉप की हैं और मुझे लगता है कि वर्कशॉप्स आपमें बहुत अंतर लाती हैं।

फिल्म की शूटिंग दिल्ली, मुंबई, जयपुर और नेपाल में शूटिंग होगी। उन्होंने कहा कि वह अगले वर्ष 15 अगस्त को फिल्म की रिलीज की घोषणा करेंगे।बता दें कि की हाल ही में जॉन अब्राहम की फिल्म सत्यमेव जयते रिलीज हुई जिसने बाक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। फिल्म में जॉन अब्राहम एक्शन और एंग्री यंग मैन के लुक में नजर आए जो ८० और ९० के दशक के फिल्मों के एंग्री हीरोज की झलकियां देता है।

फिल्म की कहानी बदले की कहानी है। जिसमें ईमानदार पुलिस ऑफिसर पर लगे झूठे करप्शन चार्जेस के बाद उसके द्वारा की गई आत्महत्या और उसके बदले की कहानी है। मनोज वाजपेयी और जॉन अब्राहम इंस्पेक्टर शिवकुमार के बच्चे हैं। जॉन अब्राहम अपने पिता की ईमानदार छवि को वापस लेने का बीड़ा हाथ में उठाता है और करप्ट ऑफिसर को अपने हाथ में कानून लेकर सजा देने लगता है वही मनोज वाजपेयी ईमानदार ऑफिसर का किरदार निभाते हैं और कातिल को ढूंढने की जद्दोजहद में लगे रहते हैं ।।।जॉन अब्राहम फिल्म में कई बार ऐसी जगह पर प्रकट हो जाते हैं जो बिल्कुल अकल्पनीय लगता है। और एक्शन से अपना बदला पूरा करते हैं। दूसरी फिल्मों की बात करें तो जॉन अब्राहम अनीस बज्मी की फिल्म पागलपंती में भी नजर आएंगे। अनीस बज्मी ने आखिरी बार जॉन की 2015 में आई फिल्म वेलकम बैक का निर्देशन किया था।




## मुझे न दें सुपरस्टार का तमगाः वरुण धवन

बॉलीवुड के हैंडसम हंक वरुण धवन के चाहने वालों की कमी नहीं है, लगातार सफल फिल्म देने वाले वरुण कहते हैं कि वह खुद को सुपरस्टार के तमगे से बहुत दूर रखना चाहते हैं। सुपरस्टार जैसे शब्द से वह परहेज करते हैं। वरुण की मानें तो असली सुपरस्टार का स्टारडम उन्होंने बचपन में खूब देखा है। सलमान खान और संजय दत्त जैसे सितारों के लिए लोगों का क्रेज देखते बनता था।

अपनी अब तक की सफलता पर बात करते हुए वरुण कहते हैं, अब तक मैंने पूरे 11 फिल्मों में काम किया है और जो सफलता मिली है उससे मुझे खुशी है। इस पूरे समय में फैंस के साथ अच्छा कनेक्शन बन गया है। जब सफलता मिलती है तो जिम्मेदारी भी अपने आप बढ़ जाती है। यह जिम्मेदारी होती है और बेहतर काम कर दर्शकों का मनोरंजन करने की। समय के साथ सिनेमा भी बदल गया है। अब सिनेमा देखने के बहुत से दूसरे इंटरनेट पर प्लेटफॉर्म आ गए हैं।

वरुण आगे बताते हैं, सब कुछ ग्लोबल हो गया है इसलिए मुझे अपनी फिल्मों का स्तर बढ़ाना है। ऐसे रोल और फिल्में करनी हैं, जिसके बारे में लोगों को लगे कि वरुण के लिए यह काम मुश्किल है या वह नहीं कर पाएगा। एक और चीज यह है कि मुझे हमेशा ही फैमिली फिल्म में काम करना है। मैं खुद को स्टार या सुपरस्टार नहीं मानता हूं। मैं खुद के लिए इस शब्द के प्रयोग से बचना चाहता हूं। मैने अपने बचपन में संजय दत्त और सलमान खान जैसे स्टार्स का असली स्टारडम देखा है।



वरुण इन दिनों धर्मा प्रॉडक्शन की फिल्म कलंक को लेकर बिजी हैं। इस फिल्म में वरुण के अलावा माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, सोनाक्षी सिन्हा, आदित्य रॉय कपूर, कुणाल खेमू और हितेन तेजवानी अहम भूमिकाओं में होंगे।

फिल्म में कियारा आडवाणी और कृति सेनन मेहमान कलाकार की भूमिका में होंगी। अभिषेक वर्मन के निर्देशन में तैयार हो रही कलंक अगले साथ 19 अप्रैल को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।